प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः 19/**2026** (अपील सूचना का अधिकार)

Pradeep Meghwal Add: 140, Dewali, Udaipur

..............**अपीलार्थी**

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बड़गांव, उदयपुर

..................**प्रत्यर्थी**

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 04/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 32942532930435 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 15.11.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर खसरा नक्शा की प्रमाणित एवं रंगीन प्रति की सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने से असंतुष्ट होकर अपीलार्थी द्वारा यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन पत्र क्रमांक 4262169896 दिनांक 13.01.2026 एवं कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/19/26/76–77 दिनांक 13.01.2026 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब शामिल पत्रावली किया गया।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बड़गांव द्वारा जरिये पत्र कमांकः सू.अ./2026/2005/13 दिनांक 28.01.2026 से जवाब प्रस्तुत करते हुए निवेदन किया गया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध में इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 11 दिनांक 22.01.2026 को अपीलार्थी को जरिये डाक सूचित कर दिया गया था। डाक के माध्यम से सूचना प्रेषित कर दी गई है। अतः अपील निरस्त फरमायी जावे।

अपीलार्थी द्वारा दिनांक 10.02.2026 को परिकथन प्रस्तुत कर निवेदन किया कि तहसील कार्यालय द्वारा मुझे निर्धारित समय में सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है। प्रथम अपील प्रस्तुत के उपरांत मुझे दिनांक 03.02.2026 को सूचना के बदले शूल्क जमा कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। अतः निवेदन है कि मुझे निश्चित समयावधि में सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने से नियमानुसार निशुल्क सूचना उपलब्ध करवाये जाने का आदेश फरमावे।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी द्वारा दिनांक 15.11.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में सूचना प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया। सूचना प्राप्त नहीं होने से अपीलार्थी द्वारा इस कार्यालय में प्रथम अपील प्रस्तुत की गई

RajKaj Ref No.:
21961975
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.04 11:21:45 IST
Reason: Approved

। पत्रावली का अवलोकन करने से स्पष्ट है कि प्रत्यर्थी द्वारा निर्धारित समयावधि में अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है तथा निर्धारित समयावधि पश्चात् निर्धारित शुल्क राजकोष में जमा कराने हेतु सूचित किया गया है जो सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधानों के विपरित है। साथ ही सूचना डाक के माध्यम से प्रेषित किया जाना अंकित किया है जबकि पत्रावली पर इस संबंध में कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाती है। सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार बड़गांव को निर्देशित किया जाता है कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत अपीलार्थी को नियमानुसार निशुल्क सूचना उपलब्ध करवाये तथा की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करे।

निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, उदयपुर

RajKaj Ref No.:
21961975
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by G[illegible]av Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.0[illegible] [illegible]1:21:45 IST
Reason: Approved